तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 6 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2 वेदांता एल्युमिनियम का बड़ा सामाजिक कदम, लाखों चेहरे पर मुस्कान



## खबर संक्षेप

### शासी परिषद की बैठक आज

**कोरबा।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा की शासी परिषद की बैठक 6 दिसंबर को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### बाबा साहब की पुण्यतिथि आज

**कोरबा।** सिद्धार्थ लोक कल्याण समिति एवं अनेकों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में 6 दिसंबर को प्रातः 11 से सांय 6 बजे तक दो सत्रों में विश्व रत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण पुण्य तिथि संविधान सुरक्षा दिवस के रूप में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लखनलाल देवांगन सांयकाल 3 से 4 बजे के बीच दूसरे सत्र में आएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर करेंगी। विशेष अतिथियों में भाजपा नेता एमआईसी मेंबर नरेंद्र देवांगन, कोरबा मेडिकल कॉलेज के डीन के के सहारे ,कोरबा कोतवाली के टी आई एम बी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष योगेश जैन ,रेड क्रॉस सोसाइटी के जिलाध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल,पूर्व टी आई एवं समाज सेवक चंद्रमा सिंह राजपूत ,गोपाल ऋषिकर भारती,संयोजक सुनील सुना के सहित उपस्थित रहेंगे।

### प्रशिक्षक पद हेतु काउंसिलिंग 8 को

**कोरबा।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिले में संचालित पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालिक योग, खेल शिक्षक, प्रशिक्षक एवं अंशकालीन संगीत प्रशिक्षक पद हेतु 26 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। विभागीय जांच जिला समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र-अपात्र का मेरिट सूची के क्रमानुसार काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थियों को दिनांक 8 दिसंबर को दोपहर 1 तक आमंत्रित किया गया है।

### सघन कुष्ठ खोज अभियान 8 दिसंबर से

**कोरबा।** स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार, सघन कुष्ठ खोज अभियान के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों, बी.पी.एॅम.,मितानिन समन्वयक के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 5 दिसंबर को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा में आयोजित किया गया। 8 से 31 दिसंबर तक राज्य के सभी जिलों के विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में चलाया जाना है। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सी के सिंह के द्वारा अभियान का मुख्य उद्देश्य बताया गया जिसमे कुष्ठ रोग के उन्मूलन हेतु समुदाय में कुष्ठ रोग के संक्रमण को रोकना , तथा सभी रोगियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उनका उपचार करना है ।

# बुका में बनारस बोट खराब, दो छोटे बोट से चलाना पड़ रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के सबसे अच्छे और बड़े पर्यटन केंद्र में शुमार बांगो के डूबान एरिया में स्थित बुका शरद ऋतु में गुलजार हो उठता है। इस मौसम में यहां हर दिन सैंकड़ों संख्या में पर्यटक यहां सैर सपाटे के लिए पहुंचते हैं। यहां का सबसे पुराना और सबसे बड़ा बनारस बोट (नाव) की बॉडी खराब होने की वजह से चल नहीं पा रहा है। मात्र दो छोटे बोट के सहारे पर्यटकों का काम चल रहा है। जिससे पर्यटकों को निराशा हाथ लग रही है। हालांकि वन विभाग द्वारा बनारस बोट को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की कवायद शुरु कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 65 किमी दूर कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाला बांगो बांध का डूबान क्षेत्र बुका पर्यटन केंद्र है जहां शनिवार और रविवार साथ साथ लगभग हर दिन सैंकड़ों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटकों के हिसाब से दिसंबर और जनवरी का महीना ही सबसे ज्यादा पर्यटन का होता है। बुका पर्यटन केंद्र में वर्षों पूर्व बनारस बोट तैयार कराया गया था जिसकी बैठक क्षमता लगभग 20 है। इस मोटर बोट से ज्यादा से ज्यादा लोग सैर सपाटा कर सकते थे जो पिछले कुछ महीनों से खराब पड़ी हुई है बताया जाता है कि इस मोटर बोट का बाडी खराब होने की वजह से उसे नहीं चलाया जा रहा है। जिसकी वजह से दो अन्य छोटे मोटर बोट से ही काम चलाना पड़ रहा है। जिसमें पर्यटकों की बैठने की क्षमता बहुत कम है ऐसे में भीड़भाड़ वाले दिन खासतौर रविवार को बुका पहुंचे पर्यटक जल विहार का आनंद लेने से चूक जाते हैं जिससे उन्हें निराशा हाथ लगती है। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो बनारस बोट को ठीक कराने के लिए फंड जारी कर दिया गया है और बनाने वाली टीम कोलकाता व बनारस के लोगों से संपर्क किया जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो बनारस बोट को जल्द से जल्द ठीक कराकर उसे बांगो डूबान में उतारने की तैयारी की जा रही है। देखना है कि बनारस बोट कब तक दुरुस्त होकर डूबान में उतरता है।

## कोलकाता व बनारस की एक्सपर्ट टीम आएगी बोट को सुधारने

### खास बातें

- दिसंबर और जनवरी के महीने में सबसे ज्यादा पहुंचते हैं पर्यटक



### जल्द ही ठीक कराया जाएगा बोट

बनारस बोट की बॉडी खराब हो गई है, जिसकी वजह से उसे नहीं चलाया जा रहा है। बोट को ठीक कराने के लिए फंड जारी कर दिया गया है। कोलकाता और बनारस के एक्सपर्ट टीम से बातचीत की जा रही है। उनके आते ही जल्द बोट को ठीक कराकर पर्यटकों के लिए उसे डूबान में फिर से उतारा जाएगा।

**- कुमार निशांत,** वन मंडलाधिकारी कटघोरा

## मामला ग्राम बंजारी के मॉडल आवासीय महाविद्यालय का

# 7 साल में तैयार भवन, अब तक कालेज प्रबंधन को हैंडओवर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

- ना सड़क बनी और ना ही बाउंड्रीवाल

मड़वारानी क्षेत्र के ग्राम बंजारी में मॉडल आवासीय महाविद्यालय का भवन आज तक कालेज प्रबंधन को हैंडओवर नहीं हो सका है इसके लिए कालेज प्रबंधन के द्वारा लोक निर्माण विभाग को कई बार पत्र भी लिखा गया है लेकिन हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई और ना ही महाविद्यालय की बाउंड्रीवाल बनी और ना सड़क का निर्माण किया गया।

केंद्र सरकार के द्वारा प्रदेश के चुनिंदा जिलों में स्वीकृत किए गए मॉडल आवासीय महाविद्यालयों में एक महाविद्यालय कोरबा जिले को भी मिला है। जिसकी निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को बनाया गया था। वर्ष 2018 से मड़वारानी क्षेत्र के ग्राम बंजारी में महाविद्यालय निर्माण का काम शुरु किया गया। लगभग 7 साल में भवन तो बनकर तैयार हो गया लेकिन महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए ना सड़क बनाई गई और ना ही सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण हुआ। महाविद्यालय को शीघ्र पूरा करने के लिए बरपाली कालेज प्रबंधन के द्वारा लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर भवन को हैंडओवर करने को कहा गया था। वर्ष 2025 बीतने को है और मॉडल आवासीय महाविद्यालय भवन को लोक निर्माण विभाग ने कालेज प्रबंधन को हैंडओवर नहीं किया है। जिसकी वजह से वर्ष 2025 में भी ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की योजना को लेकर शुरु किया गया मॉडल आवासीय महाविद्यालय अपने नए भवन में शुरु नहीं हो सका है।



आवासकीय महाविद्यालय का भवन।

### पीजी कालेज भवन से हुई थी शुरुआत

मॉडल आवासीय महाविद्यालय स्वीकृत होने के बाद इसकी कक्षाएं पीजी कालेज कोरबा के भवन में लगा करती थी और महाविद्यालय में छात्रों की दर्ज संख्या 100 के लगभग भी पहुंच गई थी किंतु वर्ष 2025 से जैसे ही महाविद्यालय को बरपाली शासकीय महाविद्यालय में शिफ़्ट किया गया छात्रों की दर्ज संख्या 100 से घटकर 57 हो गई। बरपाली महाविद्यालय के भवन में सुबह की पाली में मॉडर्न कालेज की कक्षाएं लगती हैं और द्वितीय पाली में बरपाली कालेज की।

### हैंडओवर करने लिखा गया पत्र

बंजारी मॉडल कालेज की कक्षाएं बरपाली कालेज के भवन में लग रही हैं। माडर्न कालेज के भवन को कालेज प्रबंधन के द्वारा हैंडओवर करने के लिए लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा गया था लेकिन अब तक हैंडओवर नहीं हुआ है। महाविद्यालय तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ और ना ही बाउंड्रीवाल बनाई गई है।

**- चैतन्य नंद,** प्राचार्य बरपाली महाविद्यालय

### जिला स्तरीय आवास मेला का 8 से

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल हमेशा से ही लोगो को आवासीय कॉलोनी का निर्माण कर विभिन्न वर्गों के लिए किफायती दर पर भवन उपलब्ध कराता है। इसी कड़ी में राज्य बनने के 25 वर्ष पूरा होने पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा प्रदेश स्तर पर 2000 करोड़ की नई आवासीय योजनाए भव्य सफल राज्य स्तरीय आवास मेला रायपुर में 23 नवंबर को शुरू की गई है। मेले में खरमोरा कोरबा अंतर्गत 370 फ्लैट के आवासीय योजना का भी शुभारंभ किया गया है, जिसमें एम.आई.जी., एल.आई.जी. एवं ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट बनाए जाएगें। हाऊसिंग बोर्ड संभाग कोरबा की ओर से खरमोरा कोरबा में नवीन आवासीय योजना तथा अन्य सभी संपत्तियों की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय आवास मेला का आयोजन कलेक्टोरेट परिसर कोरबा में जिला पंचायत कार्यालय के सामने 8 से 12 दिसंबर तक किया जाएगा।

# कड़ाके की सर्दी में चप्पल पहनकर परीक्षा में बैठना होगा परीक्षार्थियों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंचाई विभाग में पटवारी (अमीन) पद के लिए व्यापमं द्वारा रविवार को शहर के 31 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाने वाली परीक्षा के लिए जारी की गई गाइडलाइन के तहत कड़ाके की सर्दी में परीक्षार्थियों को चप्पल पहनकर

शहर के 31 परीक्षा केंद्रों में रविवार 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से अमीन पद की परीक्षा होगी। जिसमें 9502 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। इन परीक्षार्थियों के लिए व्यापमं ने पिछली परीक्षा की तुलना में नई गाइडलाइन जारी की है। परीक्षा शुरु होने के 2 घंटे पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा। व्यापमं के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग रोकने सहित अन्य किसी भी प्रकार के तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी की गई गाइडलाइन में तो जो निर्देश दिए हैं उसकी वजह से इस कड़ाके की सर्दी में परीक्षार्थियों को केवल चप्पल पहनकर ही परीक्षा कक्ष में अंदर आना होगा। परीक्षा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पीजी कालेज में जिन शिक्षकों की जिनकी ड्यूटी परीक्षा में लगाई गई है उनको ट्रेनिंग दी गई जिसमें सभी प्रकार की गाइडलाइन की जानकारी से परीक्षकों को अवगत कराया गया।

### खास बातें

- व्यापमं की नई गाइड लाइन से गुजरना होगा छात्रों को
- पीजी कालेज में दी गई शिक्षकों को निर्देश की जानकारी



प्रशिक्षण लेते शिक्षक।

### ये है व्यापमं की गाइडलाइन

- अभ्यर्थी परीक्षा से 1 दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करें।
- परीक्षा शुरु होने के पहले 30 मिनट और समाप्ति के अंतिम 30 मिनट में परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जा सकेंगे।
- परीक्षा शुरु होने से 2 घंटा पूर्व केंद्र में पहुंचना होगा ताकि पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके।
- काला, गहरा नीला, गहरा हरा, जामुनी, मैरून, बैगनी, गहरा चॉकलेटी रंग के कपड़े प्रतिबंधित किए गए हैं।
- बिना पॉकेट वाले स्वेटर की अनुमति दी गई है।
- कान में किसी प्रकार का आभूषण प्रतिबंधित किया गया है।
- मोबाइल, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रानिक उपकरण, घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी प्रतिबंधित किया गया है।
- इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी को अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट फोटो लेकर आना होगा।

## जीवनदायिनी नदी को बचाना हर नागरिक का है कर्तव्य

# मार्गशीर्ष पूर्णिमा पर सर्वमंगला मंदिर घाट में हसदेव आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव नदी और उसके तटों के संरक्षण को समर्पित नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर 4 दिसंबर को मां सर्वमंगला मंदिर घाट में हसदेव आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और आम नागरिक शामिल हुए।

श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर हसदेव नदी की स्वच्छता व संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम स्थल पर सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक वातावरण और पर्यावरण चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य यजमान, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, कोरबा के चेयरमेन रामसिंह अग्रवाल ने पूरे आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा की जा रही जनजागरण की यह पहल न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि समाजहित में एक अत्यंत आवश्यक सत्कार्य भी है। श्री अग्रवाल ने भविष्य में समिति द्वारा किए जा रहे इस तरह के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में तन-मन-धन से सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि हसदेव जैसी जीवनदायिनी नदी को बचाना हर नागरिक का कर्तव्य है और वे इस मुहिम को और मजबूत करने के लिए सदैव आगे रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट यजमानों रणधीर सिंह (प्राचार्य, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साडा कोरबा), श्रीमती मीना अदलखा, यशवंत कौशिक ने भी आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था, सामूहिक सहभागिता और नदी संरक्षण जैसे गंभीर मुद्दे को सशक्त रूप में उठाने के लिए समिति के पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा के प्राचार्य रणधीर सिंह ने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति का यह भव्य आयोजन समाज में पर्यावरण चेतना जागृत करने का अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने हसदेव आरती की उत्कृष्ट व्यवस्था और जनसहभागिता की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक व सामाजिक दायित्वों का सुंदर संगम बताया।



हसदेव आरती करते हुए।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण** – 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एॅम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण** – 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### ठंड की वजह से स्कूलों के समय में किया गया बदलाव

**कोरबा।** कड़ाके की ठंड से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे असर को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किया है। जिले की सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त और मदरसा स्कूलों के समय में तत्काल प्रभाव से बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक के स्कूल अब सुबह 8:30 से दोपहर 12 बजे तक, कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं दो शिफ्ट में संचालित होंगी जिसमें पहली शिफ्ट 8:30 से 12:30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट 12:15 से 4:30 बजे तक किया जाएगा। हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों का समय भी बदलकर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कर दिया गया है। यह संशोधित समय सारणी 31 जनवरी तक प्रभावी रहेगी। आदेश में सभी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है कि वे तुरंत नए समय का पालन सुनिश्चित करें।

### 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन




**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत मानव में देवत्व का उदय एवं धरती पर रामराज्य का निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में तैयारियां शुरू हो गई हैं। शारदा विहार, कोरबा परिसर में मासांत को नवकुण्डीय गायत्री महायज्ञ हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के साधक-साधिकाएं, सामाजिक कार्यकर्ता तथा श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिला समन्वयक राजकुमार देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि गायत्री यज्ञ भारतीय संस्कृति की जीवन शक्ति है। यज्ञ से मानव जीवन का परिष्कार, विचारों की पवित्रता तथा स्वस्थ-संस्कारी समाज निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के दौरान विविध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं समाजहित के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यज्ञ के पुण्य एवं सकारात्मक ऊर्जा का लाभ लेने की अपील की।

### अमरैयापारा के मार्गों का डामरीकरण शुरू



**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड 14 अमरैयापारा में सड़कों की बेहतरी के लिए काम किया जा रहा है। यहां के 3 रास्तों के डामरीकरण की शुरुआत शुक्रवार को हुई। महापौर व पार्षद प्रभा राठौर ने इसका शुभारंभ किया। क्षेत्र के वरिष्ठजन ने मौके पर पूजा अर्चना की। पूर्व पार्षद टीकम राठौर ने बताया कि इस वार्ड में सड़क विकास के लिए 25 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। इसके अतिरिक्त 3 करोड़ के अन्य कार्य भी स्वीकृत किये गए है। इनमें मुख्य रूप से बारिश के दौरान पैदा होने वाली जल जमाव की समस्या के निराकरण के प्रोजेक्ट शामिल हैं। जल्द ही इनकी शुरुआत की जाएगी ताकि लोगों को समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

### छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का किया वितरण



**मड़वारानी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दादर गिधौरी करतला में सरस्वती सायकल योजना के तहत 31 छात्राओं को निःशुल्क सायकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वेदराम चन्द्राकर जनपद सदस्य करतला, विशिष्ट अतिथि अजय कुमार कंवर, भाजपा जिला मंत्री अशोक कंवर एंव ग्राम नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य परमानंद अनंत ने कहा कि हमारा मानना है कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। परिवहन की कमी अक्सर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि की छात्राओं के लिए स्कूल आने में एक बड़ी बाधा बनती है। इस मौके पर विद्यालय के गणेश राम कंवर, दिनेश कौशिक, यज्ञ कुमार पटेल, संतोष कुमार यादव, ओएसमिरी, एस हखरा, डॉ. राठौर, शुभो कंवर व्याख्याता एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रतन सिंह कवर के द्वारा किया गया।

# वेदांता एल्युमिनियम का बड़ा सामाजिक कदम, लाखों चेहरे पर मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस के अवसर पर भारत की सबसे बड़ी एल्युमिनियम निर्माता कंपनी, वेदांता एल्युमिनियम ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी कर्मचारी-नेतृत्व वाली सामाजिक पहल की घोषणा की। इसके तहत कंपनी के 1 हजार 800 कर्मचारियों ने मिलकर 4 हजार घंटे से अधिक समय समुदाय की सेवा में दिया, जिससे ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के 7 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ मिला।

यह पहल सामुदायिक विकास के प्रति कंपनी की सोच को दिखाती है जो वेदांता एल्युमिनियम की कार्य-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कर्मचारी सिर्फ अपने काम तक सीमित नहीं रहते, बल्कि सामाजिक कार्य में भी सक्रिय रूप से योगदान देते हैं। वेदांता एल्युमिनियम अपने कर्मचारियों को स्वेच्छा से सेवा करने के लिए लगातार प्रेरित करती है। कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल से आगे बढ़कर स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पर्यावरण और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में कई बदलाव लाने वाली गतिविधियों का नेतृत्व किया। इसमें पेड़ लगाने, तालाबों की सफाई, बच्चों को पढ़ाना, युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर लगाना शामिल है। इन वेदांता एल्युमिनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा कि वेदांता एल्युमिनियम में हमारी जिम्मेदारी केवल अपने प्रचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि उन समुदाय तक भी है जहाँ हम काम करते हैं। अपने प्रचालन क्षेत्र के आसपास हमारा प्रयास रहता है कि हम वहाँ सकारात्मक और स्थायी बदलाव ला सकें। इस वर्ष हमारे कर्मचारियों और सहयोगियों ने बड़े स्तर पर सेवा कार्यों में भाग लिया है। हमारे कर्मचारियों द्वारा दिए गए लगभग 4 हजार घंटे का सेवा योगदान उनके समर्पण, सामाजिक संवेदनशीलता और सकारात्मक बदलाव के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**7 लाख से ज्यादा लोगों को मिला लाभ**



### भैंसमा तहसील के ग्राम गितकुंवारी में हुई कार्यवाही

# राजस्व टीम ने 3 स्थानों पर दबिश देकर 122 क्विंटल धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध धान के विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में एसडीएम कोरबा सरोज महिलांगे के निर्देशन में भैंसमा तहसील अंतर्गत 3 स्थानों पर कड़ी कार्रवाई की गई एवं लगभग 122.40 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

भैंसमा तहसीलदार के के लहरे एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा तहसील अंतर्गत ग्राम गिद्कुंवारी के किराना व्यवसायी उसियर यादव पिता पंचम यादव के गोदाम का निरीक्षण के दौरान बिना वैध दस्तावेज के भंडारित 200 बोरी (लगभग 80 किवंटल) धान की जब्त कर सुपुर्दनामे की कार्यवाही किया गया है। इसी प्रकार एक अन्य किराना व्यवसायी जितेंद्र अग्रवाल द्वारा किसान राजू बंजारा के घर 80 बोरी (लगभग 32 क्विंटल) धान अवैध रूप से रखे पाए जाने पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। साथ ही कृषि उपज मंडी बरपाली में टोकन सत्यापन के दौरान ग्राम फूलसरी निवासी एतन सिंह का 26 बोरी ( लगभग 10.40 क्विंटल) डलवा धान (गर्मी फसल का ) अमानक स्तर का पाए जाने के कारण राजस्व विभाग द्वारा जब्त कर कृषि उपज मंडी के सुपुर्द किया गया है। बरपाली खरीदी केंद्र में जब किसान धान बेचने पहुंचा तो समिति प्रबंधक के द्वारा धान निरीक्षण के दौरान ही उसे रिजेक्ट किया गया था। उसी दौरान मौके पर राजस्व विभाग की टीम भी पहुंच गई थी।



जब्त धान।

# लायंस पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद और स्व.नितेश स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी में संचालित एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद और स्व.नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ कर्नल अमित यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ.राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम में सूबेदार रामदेव साहू, हवलदार धर्मेंद्र सिन्हा, हवलदार दुर्गेश कुमार राठौर विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने भारत माता एवं खेल जगत के मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण कर वार्षिक खेलकूद एवं स्व.नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत शुभारम्भ मशाल जलाकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल अमित यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का विशेष महत्व होता है। पढ़ाई लिखाई से जहां बच्चों का मानसिक विकास होता है, वहीं खेलकूद से बच्चों का शारीरिक विकास होता है। विद्यालय के चेयरमेन ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को वार्षिक खेलकूद में अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रचार्या श्रीमती शोमा सोनी ने कहा- हमारा प्रयास है कि स्कूल का हर एक छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि वो हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। स्व.नितेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम दिवस का मैच पुरैना टीम और सुखरीकला टीम के बीच हुआ जिसमें पुरैना टीम विजयी रही। अंत मे उपस्थित अतिथियों को विद्यालय की ओर से शाल, श्रीफल से सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



टॅर्नामेंट में शामिल खिलाड़ी बच्चे।

# मानव सेवा मिशन संस्था ने जरुरतमंदों को कंबल का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालको



नर सेवा ही नारायण सेवा को चरितार्थ हुए समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन विगत कई वर्षों से जिले में विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य करके मानवता की मिशाल पेश कर रही है। ठंड के समय इस संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों को कड़कड़ाती ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरण अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में संस्था के सदस्यों ने इस वर्ष अपने चौथे दौरे में रेल्वे स्टेशन, नया बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर, पावर हाउस रोड एवं शहर के फुटपाथ पर सोने वाले जरूरतमंद, बेघर, बेसहारा और घुमंतु लोगों को रात में घुम घुम कर कंबल वितरित किया ताकि उन्हें भीषण ठंड से बचाया जा सके। इस नेक कार्य में केशव चन्द्रा, अमर पटेल, राजेश धीवर, क्रांति सोनी, अशोक पटेल, संजय विजयवर्गीय, सत्यम सोनी, योगेश पटेल, दिनेश पृथ्वीकर, कमलेश बोहरपी, लिलेश्वर शर्मा, मनोज सिंह, पीतम लाल, शैलेन्द्र जायसवाल, राम सहाय पटेल, जीत बनर्जी, हरीश चन्द्रा महिला सदस्य माधुरी चन्द्रा, उमा पटेल, मेघा सोनी, सुषमा सिंह, स्मिता पटेल, अल्का पृथ्वीकर, डॉ स्मिता प्रसाद, सरिता धीवर, प्रभा पटेल, सिमरन विजयवर्गीय, दीप्ति जायसवाल, वर्षा बोहरपी, दीप्ति सोनी, सुमन बनर्जी, हेमलता नायक, पूर्वी एवं रेणुका धीवर का योगदान रहा।

### जरूरतमंदों को भोजन का किया वितरण

**कोरबा।** श्रीमती अनितादेवी फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को गेवरा बस्ती, कुसमुंडा स्थित ब्रांच कार्यालय से गरीब, अनाथ बच्चों एवं बुजुर्गों को भोजन वितरण कर मानव सेवा का सराहनीय कार्य किया गया। टीम ने माँ सर्वमंगला मंदिर परिसर के बाहर जरूरतमंदों को भोजन कराकर उनका दिन संवारने का प्रयास किया। आज भी अनेक गरीब, अनाथ एवं बेसहारा लोग भोजन के अभाव में भूखे सोने को मजबूर हैं। ऐसे लोगों तक भोजन और सहारा पहुँचाने की जिम्मेदारी फाउंडेशन ने अपने कंधों पर ली है। इस पुनीत कार्य में फाउंडेशन के डायरेक्टर संजीव, लक्ष्मी नारायण साहू प्रदेश अध्यक्ष, श्रीमती सावित्री साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती नीलांजली नामदेव कोषाध्यक्ष, श्रीमती दिव्या साहू कार्यकर्ता, श्रीमती सुनीता पटेल कार्यकर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# मुफ्ती सलमान अजहरी को सुनने उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुस्लिम समाज के धर्मगुरु मुफ़्ती सलमान अजहरी का एक रोज़ा अजीमुसान जलसा जलसए सिरातुन्नबी का आयोजन घंटाघर चौक स्थित ओपन थिएटर में किया। जिसमें उनकी एक झलक पाने के लिए जिले के मुसलमान उमड़ पड़े। मुफ़्ती मो सलमान अजहरी साहब अपने पूर्व निर्धारित समय से कोरबा पहुंचे और घंटाघर चौक स्थित ओपेन थिएटर में विशाल जनसमूह को दिनी मालूमातों से सराबोर किया।

हजारों की तादाद मे मौजूद मुसलमान समाज के नारों से गूंज उठा। इस दौरान मुफ़्ती साहब ने जन समूह को दीन पर चलने की और देश मे अमन चैन कायम करने की नसीहत दी। कोरबा मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा आसिफ बेग एवं सचिव मोहसिन मेमन ने कहा कि जिले की सरजमीं पर नमची हस्ती मुफ़्ती मो सलमान अजहरी का आना हम सब की खुशनशीबी है। कार्यक्रम में लूतरा शरीफ इंतजामिया कमेटी के ओहदेदारों ने कमेटी द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन मुफ़्ती साहब के हाथों कराया गया। इस दौरान मरकजी सीरत कमेटी के सरपरस्त हाजी मक़बूल ख़ान, मेमन जमात के अध्यक्ष हाजी अमीन शेखानी, मो रफीक मेमन, आरिफ़ ख़ान, अहसान ख़ान, नौशाद ख़ान, मो. शाहिद, बरकत ख़ान, महबूब ख़ान एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# रासायनिक आपदा निवारण दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमएम वैष्णव के मार्गदर्शन में गुरुवार को को रासायनिक आपदा निवारण दिवस के अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के रसायनशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. एस. कृष्णमूर्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रासायनिक आपदाओं के कारण, उनके दुष्प्रभाव तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शासकीय महाविद्यालय दीपका के रसयानशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके राठौर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मंच संचालन एम एस सी तृतीय सेमेस्टर के छात्र साहिल पाटले द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में भोपाल गैस त्रासदी का विस्तृत उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे मिथाइल आइसोसाइनेट गैस के रिसाव से हजारों लोगों की मृत्यु हुई और लाखों लोग प्रभावित हुए। उन्होंने छात्रों को इस घटना से सीख लेते हुए रासायनिक सुरक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. केके कश्यप, राजेन्द्र कुशवाहा, मुकेश दीवान, आंचल जायसवाल, विल्सन कुर्रे, सेन्या जायसवाल, विनीता साहू, तरुण बरेठ, नेहा श्रीवास, विनय, मनीष उपस्थित रहे।



# गृह संपर्क अभियान के तहत घर घर पहुंच रहे स्वयं सेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गृह संपर्क अभियान मुख्य रूप से संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसके तहत स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। जिले में भी आरएसएस के स्वयंसेवक शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में गृह संपर्क कर रहे हैं। पांच परिवर्तन के साथ राष्ट्रीय संदर्भों को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गृह संपर्क अभियान जिले में 15 नवंबर से संचालित हो रहा है जो 1 जनवरी 2026 तक चलेगा। आरएसएस के प्रमुख स्वयं सेवक लक्ष्मीकांत जोशी, रामकिशोर श्रीवास्तव, संजय पांडे, एस आर साहु, दीपक पाठक, जगदीश प्रधान, रामसेवक राजपूत, सुनील मिश्रा, श्री राठौर रविशंकर नगर में लगातार इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। शहर के पांच उपनगर के अलावा दीपिका और कटघोरा नगर, जिले के 6 खंड और ग्रामीण क्षेत्र के कुल 76 मंडल में इस अभियान को गतिशीलता दी जा रही है। प्रदेश में 50 लाख घरों तक सीधा संपर्क स्थापित कर सामाजिक जागरण राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी को लेकर जागरूक किया जा रहा है।



### कलेक्टर के निर्देश पर 13 ग्राम पंचायतों के कार्यों की हुई समीक्षा, कई कार्य हुए बंद

# आधे अधूरे काम करने वाली पंचायतों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर के निर्देश पर जनपद पंचायत ने अंतर्गत ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा की है। सीईओ जनपद द्वारा प्राप्त रिपोर्ट में कुल 13 ग्राम पंचायतों के डीएमएफ एवं मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की वास्तविक प्रगति, जारी व खर्च राशि तथा वर्तमान स्थिति का ब्योरा शामिल है। कई कार्य बंद पाए गए।

समीक्षा बैठक के दौरान उस पंचायतों में स्वीकृत कार्यों में मामूली प्रगति ही पायी गई है। जिसमें सीईओ श्री निर्मलकर ने ऐसी पंचायतों को ही नोटिस जारी कर कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा विभागीय कार्यवाही की जाएगा। श्री निर्मलकर ने पंचायत सचिव सहित प्रभारी अधिकारियों को भी लंबित कार्यों को समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जनपद सीईओ खगेश निर्मलकर ने जिन पंचायतों को नोटिस जारी की है उनमें अखरा पाली के ग्राम अखरा पाली में माध्यमिक शाला से धना राम घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी जिसमें 12 लाख रुपए की राशि खर्च हुई उसके बाद से काम बंद पड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत अरसेना में सीसी रोड प्राथमिक शाला कुटरुवा से प्रमोद घर तक 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी चार लाख रुपए की राशि निकाली गई थी। जिसके बाद से काम बंद पड़ा हुआ है। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल बरपाली में अहाता निर्माण कार्य के लिए 19 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे जिसमें 9.50 लाख रुपए खर्च हुई और अभी भी सौ मीटर शेष कार्य बचा हुआ है। ग्राम बेंदरकोना में तालाब में रिटर्निंग वॉल निर्माण के लिए 16 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुए जिसमें 12 लाख 80 हजार रुपए प्राप्त हुए लेकिन कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। देवगुड़ी निर्माण कार्य ठाकुर दैय्या देव स्थल ग्राम भुलसीडीह में 3 लाख रुपए स्वीकृत हुई है कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत कुकरी चोली में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख स्वीकृत हुआ था इनके अलावा और कई पंचायतें हैं जहां कार्य अधूरे पड़े हुए हैं और स्वीकृत राशि की एक या एक से अधिकि किश्त आहरित कर ली गई है।




### कुशवाहा कल्याण समिति की बैठक कल

**कोरबा।** कुशवाहा कल्याण समिति समाज के सदस्यों के प्रयास से समाज के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था जो पूरा हो गया है। इस संबंध में समाज की मासिक बैठक 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे मिनीमाता कॉलेज के पीछे आयोजित की गई है। जिसमें पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों को बैठक में शामिल होने अपील की है।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता 19 एवं 20 को

**कोरबा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोरबा द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयेजन 19 एवं 20 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा क्रमांक 1, में आयोजित किया जायेगा। प्रतियोगिता में 10 खेल - एथलेटिक्स में 100 मी, 400 मी, तवा फेंक, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी को सम्मिलित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी स्कूल में चोरों का धावा, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडब्ल्यूडी स्कूल में गुरुवार की रात अज्ञात चोर ने धावा बोलकर स्कूल में रखे कई कीमती सामानों की चोरी कर ली चोर जब चोरी कर रहा था उसकी सारी हरकत स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया घटना की सूचना स्कूल प्रबंधन द्वारा सिविल लाइन पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### साहिल का वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हुआ चयन

**हरदीबाजार।** वॉलीबॉल खेल के लिए प्रदेश से अलग-अलग जिलों से 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है जिसमें ग्राम भलपहरी निवासी विजय राठौर के पुत्र साहिल राठौर का ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार की ओर से अंतर राज्य स्तरीय जिला कांकेर में 6 नवंबर को बॉलीबॉल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। साहिल का चयन ईस्ट जोन अंतर्गत विश्वविद्यालय अटल बिहारी महाविद्यालय में हुआ है जो की बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर मुजफ़्फ़रपुर बिहार में 10 दिसंबर को बॉलीबॉल प्रतियोगिता खेला जाएगा।

### उल्लास महापरीक्षा में अधिकतम सहभागिता करें सुनिश्चित : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक बंधुओं से अपील की है कि वे प्रौढ़ साक्षरता अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें और समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था शिक्षा के समाजीकरण की उत्कृष्ट व्यवस्था है। सभ्य समाज की कल्पना तभी संभव है, जब समाज का हर नागरिक शिक्षित हो। किसी भी देश या समाज का समग्र विकास तभी हो सकता है, जब उसकी जनता शिक्षा के महत्व को भली भांति समझे।

### पीएम श्री सेजेस बालको में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस पर कार्यक्रम

**कोरबा।** पीएम श्री सेजेस बालको नगर में अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस मनाया गया। जिसमें प्राचार्य मनोकामनाता पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अतिथियों में घनश्याम श्रीवास, निहारिका शुक्ला और मनोज वैष्णव शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर घनश्याम श्रीवास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मृदा दिवस के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या, भूमि दोहन, रसायनों के अत्यधिक उपयोग और मृदा क्षरण के बढ़ते खतरे पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यदि वर्तमान पीढ़ी मृदा के संरक्षण पर ध्यान नहीं देती तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। प्राचार्य मनोकामनाता पाल ने कहा कि मृदा एक प्राकृतिक धरोहर है, जिसके निर्माण में हजारों वर्ष लग जाते हैं। हम मिट्टी से पैदा होते हैं और अंततः मिट्टी में ही समा जाते हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, साथ ही लगातार कई फसलें लेने से भी भूमि की उर्वरता घट रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से मृदा संरक्षण को अपनाने और टिकाऊ खेती की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**कोरबा।** बालकोनगर के परसाभाठा वार्ड में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का गुरुवार को समापन हो गया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचिका देवी तन्नु पाठक ने लगातार 7 दिनों तक कथा का वाचन किया। संगीतमय प्रस्तुति के बीच श्रीकृष्ण लीला, कंस वध, रुक्मिणी विवाह, गोपी-उद्धव संवाद, सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों की झांकियां सजीव रूप में दिखाया गया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा में शामिल होने पहुंचे जो कथा का आनंद लेने के साथ ही ऐसी झांकियों से आकर्षित होने के साथ ही भावविभोर हुए। पंडित दिपक पाठक व पंडित देवेन्द्र मिश्रा द्वारा गाए भजन और संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ हुए आयोजन ने नगर के माहौल को भक्तिमय बना दिया। कथास्थल पर श्रद्धालु झूमते रहें।

# एसईसीएल के 63 हजार क्वाटरों में 9 हजार में बाहरी तो साढ़े 3 हजार में सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरप्लस आवासों के उपयोग को लेकर गठित कमेटी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एसईसीएल के कुल 63 हजार 78 क्वाटरों में 9 हजार 389 क्वाटरों में बाहरी तो 3 हजार 566 क्वाटरों में सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा है। आलम यह है कि लगातार विभागीय आवासों में कब्जा का खेल जारी है। हैरानी वाली बात यह है कि मकानों में कब्जे की जानकारी होने के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन और सुरक्षा विभाग इसे लेकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया के आवासों पर कब्जे की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। कंपनी के कुल 3 लाख 18 हजार 263 आवासों में से 86 हजार 969 आवासों पर बाहरी लोगों का कब्जा है, जबकि 9 हजार 488 आवासों पर कंपनी के ही सेवानिवृत्त कर्मचारी काबिज हैं। वहीं 13 हजार 904 आवासों को कंपनी ने आधिकारिक रूप से अन्य लोगों को आवंटित किया है। कोल इंडिया के आंकड़ों पर गौर करें तो आवास कब्जे के मामले में कोल इंडिया की सहायक कंपनियों में सबसे खराब स्थिति बीसीसीएल की है। बीसीसीएल के 62 हजार 968 आवासों में से 24 हजार 854 पर बाहरी लोगों का कब्जा है, जबकि 1 हजार 479 आवासों पर सेवानिवृत्त कर्मचारी अवैध रूप से रह रहे हैं। आवास कब्जा मामले में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सीसीएल दूसरे स्थान पर है। सीसीएल के कुल 56 हजार 780 आवासों में से 22 हजार 520 पर बाहरी लोगों का कब्जा है। वहीं अवैध कब्जे के मामले में इसीएल तीसरे स्थान पर है। इसीएल के कुल 58 हजार 417 आवासों में से 18 हजार 213 आवासों पर बाहरी व 3 हजार 646 आवासों पर सेवानिवृत्त कर्मियों का काबिज है। सूत्रों की मानें तो कोल इंडिया ने सरप्लस आवासों के उपयोग के लिए एक कमेटी का गठन किया था। जिसे इन आवासों को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लीज रेंट पर देने के मॉडल पर सुझाव देने थे। इस बाबत कमेटी की तीन बैठकें भी हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बात करें बीसीसीएल की तो यहां कुल 62 हजार 968 क्वाटरों में से 24 हजार 854 में बाहरी तो 1479 में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कब्जा है। इसी तरह सीसीएल के 56 हजार 780 क्वाटरों में से 22 हजार 520 में बाहरी लोगों का कब्जा है। इसीएल के 58 हजार 417 क्वाटरों में से 18 हजार 213 में बाहरी 3 हजार 646 में सेवानिवृत्त कर्मिचारियों का कब्जा है। एमसीएल के 16 हजार 264 क्वाटरों में से 1 हजार 292 में बाहरी तो 430 में सेवानिवृत्त कर्मचारी कब्जा जमाए हुए हैं। एनसीएल के 16 हजार 781 क्वाटरों में से 515 में बाहरी तो 142 में सेवानिवृत्त कर्मी कब्जा जमाए हुए हैं। इसी तरह एसइसीएल के 63 हजार 78 क्वाटरों में से 9 हजार 389 क्वाटरों में बाहरी तो 3 हजार 566 में सेवानिवृत्त कर्मियों ने कब्जा जमाया हुआ है। डब्ल्यूसीएल के 40 हजार 582 क्वाटरों में से 10 हजार 172 में बाहरी तो 147 में सेवानिवृत्त कर्मचारी कब्जा जमाए हुए हैं।

**खास बात**

- आवास कब्जा के मामले में बीसीसीएल, सीसीएल व इसीएल पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर



## पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से पहुंचे थे होटल चंदेला

# होटल के कमरे में युवती की मिली लाश, युवक की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के एक होटल में शुक्रवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब होटल के कमरे में एक युवती की संदिग्ध अवस्था में लाश पड़ी मिली। लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरु कर दी है। युवती जिस युवक के साथ होटल के कमरे में रुकी थी वह युवक फरार बताया जा रहा है। युवती की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या स्पष्ट नहीं हो पाया है। युवक और युवती अपने दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने आने की बात कहकर होटल में रुके हुए थे।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर-चांपा के अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मरकाडीह कापन निवासी संध्या कुमारी उम्र 20 वर्ष पिता कौशल दास व ग्राम बोड़सरा निवासी राकेश मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष पिता प्रकाश दास मानिकपुरी गुरुवार की दोपहर लगभग 1:30 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल चंदेला पहुंचे थे दोनों ने होटल प्रबंधन को यह जानकारी दी कि वे आपस में दोस्त हैं और अपने एक दोस्त के शादी समारोह में शामिल होने आए हुए हैं। होटल प्रबंधन ने उन्हें होटल में कमरा नंबर 207 दिया था। शुक्रवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे दोनों होटल से चेक आउट करना था लेकिन चेक आउट नहीं करने पर जब होटल का कर्मचारी कमरा नंबर 207 में गया तो उसने देखा की संध्या अचेत अवस्था में पड़ी हुई है जिसे देखकर उसके होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना होटल प्रबंधन व कोतवाली पुलिस को दी। युवती की लाश मिलने की सूचना पाते ही पुलिस के अधिकारी व फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पाया कि होटल की कमरे में रुका हुआ राकेश मानिकपुरी वहां से गायब है। फिर क्या था पुलिस ने मामले की और बारीकी से जांच शुरू की और युवती के परिजनों को इसकी सूचना दी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर युवती के शव को मेडिकल अस्पताल के मरच्युरी में सुरक्षार्थ रखवाया है। युवती के परिजन देर शाम कोरबा पहुंच गये हैं विलंब होने की वजह से पीएम की कार्यवाही नहीं हो पायी है। आज परिजनों की उपस्थिति युवती का पीएम कराया जाएगा।



वह होटल जहां मिली युवती की लाश।



होटल के कमरे की जांच करती पुलिस व फॉरेंसिक की टीम।

**युवती के परिजनों को नहीं थी जानकारी**

जानकारी के अनुसार मृतिका संध्या कुमारी अपने सहेली के घर जाने की बात कहकर घर से निकली थी और युवक राकेश ने भी कोरबा आने की जानकारी अपने परिजन को नहीं दी थी। दोनों झूठी जानकारी देकर होटल में रुके हुए थे। फिलहाल पुलिस मामले की विभिन्न बिंदुओं से लेकर जांच कर रही है। युवक और युवती एक दूसरे को कब से जानते थे इसकी भी तहकीकात की जा रही है।

**कमरे से मिली है उत्तेजक दवाई**

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि युवती की लाश मिलने की सूचना पर जब पुलिस के अधिकारियों और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी और कमरे की बारीकी से जांच की तो पुलिस को कमरे से उत्तेजक टैबलेट भी मिले हैं जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है। युवती की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि युवती के मुंह से झाग निकल रहा था जिससे कई तरह की संभावनाएं जन्म ले रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने और राकेश मानिकपुरी के पकड़े के जाने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# शराबी पति से विवाद के बाद पत्नी ने जांता से पति पर किया हमला, मौत



जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

ग्राम तुमान गांव के तिलयारी मोहल्ला में गुरुवार देर रात एक शराबी पति से परेशान होकर पत्नी ने आवेश में आकर पत्थर (जांता) से मारकर मौत के घाट उतार दिया है। हत्या की घटना सामने आते ही पुलिस की टीम ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर पत्नी के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम तुमान में घटित हुई है। यहां निवासरत मनहरण यादव 40 वर्ष शराब पीकर अक्सर अपनी पत्नी से विवाद करता था। गुरुवार की रात भी मनहरण शराब के नशे में धुत्त होकर घर पहुंचा और अपनी पत्नी कविता यादव (37 वर्ष) के साथ विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मनहरण ने अपनी पत्नी कविता के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान बीच-बचाव करते हुए कविता ने पास में रखे पत्थर के जांता से मनहरण के सिर और सीने पर वार कर दिया। वार गंभीर होने के कारण मनहरण यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरी रात कमरे में शव पड़ा रहा, लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं लगी। सुबह होने पर परिजन और ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपने दलबल और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।



आरोपी पत्नी

### जाल में फंसे अजगर सांप का रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**कोरबा।** रिस्दी क्षेत्र के खेत में एक अजगर सांप जाल में फंस गया था। जब किसान संजय कंवर खेत गया तो देखा कि एक विशालकाय अजगर जाल में फसा हुआ हैं जिसके बाद अजगर को छुड़ाने की कोशिश किया गया पर सफल नहीं हुआ। किसान ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम को दिया गया। रेस्क्यू टीम ने अजगर सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा दिया। जितेंद्र सारथी ने बताया लोगों में सांपों को लेकर काफी जागरूकता आई हैं जिसके फलस्वरूप कही भी सांप दिखने पर रेस्क्यू टीम को सूचना देते हैं जिससे सांपों को बचाया जाता है।

# नोनबिर्रा में राखड़ से गड्ढे पाटने की मिली अनुमति और पाट रहे तालाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी की गाइडलाइन से भी परे जाकर जिले में जलस्रोतों को दफन करने के कार्य हो रहे हैं। यहां नदी-तालाबों का संरक्षण तो दूर, जिंदा नदी-तालाबों को पाटना आम बात सी हो गई है। पुराने प्राचीन तालाबों से लेकर विभिन्न योजनाओं के तहत खोदे गए कई तालाब अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं,जबकि इन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता पर बार-बार जोर दिया जाता है। वर्तमान में यह मामला करतला जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा में सामने आया है। यहां पूर्व में सितंबर 2025 में जारी एक पंचायत प्रस्ताव के अनुसार बैगा डोंगरी के बगल की जमीन खसरा नंबर 359/1 को ज्यादा ऊबड़-खाबड़ होना और गड्ढे होने से अनुपयोगी बताकर इसमें राख से पटाई करने और फिर मिट्टी फीलिंग करने का प्रस्ताव सरपंच यशोदा बाई की अध्यक्षता में पारित किया गया। सचिव-सरपंच सहित 17 पंचों की सहमति इसमें दी गई। इस प्रस्ताव के आधार पर उक्त ऊबड़-खाबड़ जमीन के समतलीकरण हेतु राखड़ भराव करने की आड़ में बड़े पैमाने पर राख जिंदा तालाब में भी समाहित की जा रही है। कुल मिलाकर तालाब का अस्तित्व खत्म करने की दिशा में कार्य हो रहा है और यह सब सरपंच-सचिव एवं पंचों की जानकारी में न हो, यह सम्भव नहीं।

**5 लाख से कराया गया था गहरीकरण**

जिस तालाब को गड्ढे की आड़ में राखड़ से पाटने का काम हो रहा है उसके लिए वर्ष 2018 में जनपद पंचायत विकास निधि से 5 लाख रुपये जारी किए गए थे। डोंगरी डबरी के नाम से इस तालाब की पहचान है। वर्ष 2018-19 में सरपंच-सचिव के प्रस्ताव अनुसार इस तालाब को गहरीकरण करने के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृति तत्कालीन जनपद सीईओ के द्वारा जारी की गई थी। लाखों रुपए तालाब के निर्माण में खर्च करने के बाद उसके गहरीकरण में भी राशि खर्च की गई और अब लाखों के इसी तालाब को राखड़ से पाट कर उसका अस्तित्व मिटाया जा रहा है। सवाल है कि क्या इसके गुनहगारों पर कानून का शिकंजा कसेगा? जल स्रोतों को नष्ट करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई होगी।

### सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**कोरबा।** सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बालको का वार्षिक उत्सव 2 दिसंबर को संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डॉ संजय उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालको हॉस्पिटल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

# रोजगार कार्यालय के प्लेसमेंट में 3 कंपनियां ही पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के शिक्षित बेरोजगारों के रोजगार के लिए रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप में महज 3 कंपनियों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें श्रीमन टैलेंट, टाटा एआईए तथा ऑप्टीवल हेल्थ सॉल्यूशन जिनके द्वारा अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लिए गए। कुल 120 अभ्यर्थियों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इनमें से 51 लोगों का ही सलेक्शन हुआ है।

प्लेसमेंट कैंप को लेकर रोजगार कार्यालय के द्वारा पिछले एक पखवाड़े से प्रचार प्रसार किया जा रहा था ताकि शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिल सके। शुक्रवार को जब रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप की शुरुआत हुई तो इसमें महज 3 कंपनियों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन तीनों कंपनियों में 168 रिक्त पदों पर भर्तियां की जानी थी। जिसके लिए पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कुल 120 अभ्यर्थी ही उपस्थित हुए। इनमें प्राथमिक स्तर पर पहला चयन हुआ जिसमें 50 लोगों का चयन हुआ। उसके बाद अंतिम चयन प्रक्रिया के तहत 51 अभ्यर्थी चयनित हुए। रोजगार अधिकारी दीपेश भारती ने बताया कि फाइनल सलेक्शन वाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ सकती है। इसके लिए कंपनियों के द्वारा आगे भी जानकारी दी जाएगी। कंपनियों के द्वारा जिन लोगों का चयन किया गया है उनका साक्षात्कार कंपनियों के द्वारा ही किया जा रहा है।



रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप के दौरान उपस्थित बेरोजगार युवक।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा खातेदार छेदीलाल पिता नंदलाल साकिन पाली तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम पाली तहसील दीपका स्थित भूमि ख.नं. 111, 234/2, 396/2, 484/3 कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.72 एकड़ भूमि एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार द्वारा अर्जित भूमि के एवज में सतरूपा बाई पिता छेदीलाल को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जानें हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 22/12/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनाँक 04/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार**

मैं मो. सईद सलमानी, उम्र लगभग 58 वर्ष, पिता- मरहूम अब्दुल रऊफ सलमानी, निवासी- मकान क्रमांक 04 जी-महासेल के सामने रेलवे क्रॉसिंग रोड, कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) अपने पूरे होस हवास में अपने पुत्र मोहम्मद आफताब, उम्र लगभग 31 वर्ष, पिता- मो. सईद सलमानी, निवासी मकान क्रमांक 04 जी-महासेल के सामने रेलवे क्रॉसिंग रोड, कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) को सभी जिम्मेदारियों और घर से अपने रिश्ते से संपूर्ण जायदाद मकान क्रमांक 04 जी-महासेल के सामने रेलवे क्रॉसिंग रोड, कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) एवं दुकान इत्र सेंटर एवं पान दुकान से अपने पुत्र मोहम्मद आफताब को आजाद कर बेदखल करता हूँ तथा आज दिनांक 06/12/2025 से द्वितीय पक्ष के द्वारा उक्त मकान, इत्र दुकान, पान दुकान के संबंध में कोई हकदावा किया जाता है तो वह अवैध एवं शून्य होगा।

**भवदीय**
**मो. सईद सलमानी**
**पिता- मरहूम अब्दुल रऊफ सलमानी**
**निवासी- मकान क्रमांक 04 जी-महासेल के सामने रेलवे क्रॉसिंग रोड, कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)**
**मोबाइल-7999827641**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0)**

**// ईश्तहार //**

**राजस्व प्रकरण कमांक:- 202510050100028**
**मामले की श्रेणी-अ-6-अ वर्ष 2025-26**
**ग्राम उरगा, प.ह.नं.27**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक डायमंड पाटले पिता बैपारीलाल जाति सतनामी निवासी उरगा तह० व जिला कोरबा में खसरा नं. 1268/12, 1268/20, 1269/7, 1425/11, 1428/8, 1268/21, 1269/8, 1425/12, 1428/9, 1268/14, 1268/26, 1269/9, 1428/11 रकबा कमशः 0.01, 0.03, 0.50, 0.09, 0.81, 0.01, 0.02, 0.17, 0.01, 0.01, 0.01, 0.82, 0.17, 0.01, 0.01 कुल रकबा 3.96 एकड़ भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक के पिता द्वारा अपने जीवनकाल में अपने पुत्र आवेदक ओर उनका बड़ा भाई रामचंद्र पाटले के मध्य आपसी बंटवारा कर कब्जा सौप दिये थे खसरा नं. 1268/13, 1268/21, 1269/8, 1425/12, 1425/9 कुल खसरा नं. 05 कुल रकबा 0.129 हे. भूमि पर आवेदक निर्विवादित रूप से काबिज है. और वर्तमान में धान की फसल लगाया हुआ है। त्रुटिपूर्ण आनलाईन दुरूस्ती के कारण उक्त भूमि आवेदक के खाता से विलोपित हो गया है। खसरा नं. 1268/13, 1268/21, 1269/8, 1425/12, 1428/9 कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.129 हे. भूमि को आवेदक के नाम पर अभिलेख दुरूस्ती हेतु छ0ग0भू0रा0संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कोरबा के समक्ष पेश किया गया। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव अभिलेख दुरूस्त किया जाता है तो जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 10/12/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com

20 वर्षों से

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

40 शीटें शेष

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354 411411


Saraiya
ACHANAKMAAR FOREST RESORT
A PREMIUM ESCAPE
IN THE
HEART OF THE FOREST
10 ACRES OF PURE NATURE, LUXURY & PEACE
• SPACIOUS SUITE ROOM
• ELEGANT DELUXE ROOMS
• TREE HOUSES
• RESTAURANT & OUTDOOR DINING SPACES
• EVENT LAWN & GATHERING AREA
• INFINITY SWIMMING POOL
• KITTY PARTY HALL
• ADVENTURE PLAY AREA
• INDOOR PLAY AREA
• BONFIRE AREAS
• FREE WI-FI & ROOM SERVICE
• AMPLE PARKING SPACE
OPEN NOW
ACHANAKMAAR
Contact Us
+91 96942-65000
+91 96491-65000
Visit Us
VILLAGE SHIVTARAI, KOTA, BILASPUR (CG)